<u>कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी</u>

“आजादी का अमृत महोत्सव” कार्यक्रम में “**किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी”** अभियान अंतर्गत किसान मेला का आयोजन

कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी द्वारा “आजादी का अमृत महोत्सव” कार्यक्रम में “किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी” अभियान अंतर्गत किसान मेला और कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन दिनाँक 26.04.2022 को कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी परिसर में किया गया | इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के मुख्य विकास अधिकारी श्री शशि कान्त त्रिपाठी जी थे तथा कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि माननीय सांसद कौशाम्बी के प्रतिनिधि श्री जय सिंह जी थे | कार्यक्रम में जनपद के उप कृषि निदेशक श्री यू.बी. गौतम; जिला कृषि अधिकारी श्री मनोज गौतम; जिला उद्यान अधिकारी श्री एस. आर. भाष्कर; जिला पंचायत सदस्य श्री योगेश जी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे| कार्यक्रम के प्रारम्भ में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया तथा आजादी का अमृत महोत्सव” अंतर्गत “किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी” कार्यक्रम का उदघाटन माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आनलाइन माध्यम से किया गया जिसका सजीव प्रसारण एल.सी.डी. के माद्यम से किसानो के बीच किया गया| कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शशि कान्त त्रिपाठी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषक भाई सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़ते हुए लाभ ले तथा उन्होंने योजनाओं को संचालित करने वाले अधिकारियो को योजना के सफल क्रियान्यवन हेतु निर्देश भी दिए| माननीय सांसद कौशाम्बी के प्रतिनिधि श्री जय सिंह जी ने अपने संबोधन में किसान भाइयो को जागरुक किया| उप कृषि निदेशक श्री यू.बी. गौतम जी ने किसानो को किसान सम्मान निधि तथा किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी प्रदान की|

कार्यक्रम में कृषक वैज्ञानिक संवाद का भी आयोजन किया गया जिसमे केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने किसानो से भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति पर चर्चा की तथा केन्द्र के वैज्ञानिक श्री मनोज कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती में मृदा प्रबंधन; डॉ मीनाक्षी सक्सेना ने बायो फोर्टीफाइड प्रजातियों का महत्त्व; डॉ नवीन कुमार शर्मा ने मोटे अनाज एवं तिलहन फसल पर तकनीकी चर्चा कृषको के साथ की | कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में डॉ जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया | कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा नैनो उर्वरक सा सम्बंधित प्रदर्शनी कार्यक्रम में केन्द्र के डॉ अमित कुमार केशरी, श्री सुनील कुमार, श्री शेष नाथ यादव, श्री विनय धर शुक्ल तथा जनपद के विभिन्न विकास खंडो से कुल 376 कृषक भाईयों सहित कुल 402 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |

Name of State/UT	No. of KVK organized the fair	No. of farmers participated	No. of public representatives participated			Total
			Representative of Hon’ble MP Kaushambi	Jila Panchayat Sadasy	Others	
Krishi Vigyan Kendra Kaushambi	1	376	1	1	24	402

अभियान
जिला पंचायत सदस्य

किसान मेला
दिनांकः- 26 अप्रैल, 2022
एस. के. त्रिपाठी
जिला पंचायत सदस्य

किसान मेला
किसान भागीदारी
प्राथमिकता हमारी
अभियान
दिनांकः- 26 अप्रैल, 2022

किसान भागीदारी
प्राथमिकता हमारी
अभियान

आपका हार्दिक स्वागत करता है

Azadi Ka Amrit Mahotsav
आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत
भागीदारी, प्राथमिकता हमारी" के अवधारणा पर
योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठी
दिनांक: 26 अप्रैल 2022
आयोजन स्थल: कृषि विज्ञान केन्द्र
विकास खण्ड-मूरतगंज
आयोजक: उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी
किसान मेला
किसान भागीदारी
प्राथमिकता हमारी
अभियान
IFFCO
फसल सुरक्षा

स्वागतम्